
TENALI RAMAN
AND THE PROUD KING

तेनाली रमन और घमंडी राजा




Tenali Raman and the Proud King

तेनाली रमन और घमंडी राजा



Over the years, King Krishnadevaraya had won many wars and defeated powerful enemies. So, he had become rather proud of himself.




अपने अनेक वर्षों के राज्यकाल में राजा कृष्णदेवराय ने कई युद्ध जीते थे और शक्तिशाली शत्रुओं को हराया था. इसलिए, उन्हें खुद पर काफी गर्व हो गया था.



One day he asked Tenali Raman, "Don't you think I'm a great king? Not only am I wealthy and loved, but everybody also respects and fears me. There is no one above me!"

एक दिन उन्होंने तेनाली रमन से पूछा, "क्या तुम्हें नहीं लगता कि मैं सबसे महान राजा हूं? न केवल मैं अमीर हूं और लोग मुझे प्यार करते बल्कि हर कोई मेरा सम्मान भी करता है और मुझसे डरता है. मुझसे महान और कोई नहीं है!"




Raman replied, "True, your Majesty, but even your greatness and power can change with situations."

This angered the King, so Raman humbly continued, "I don't mean to disrespect you, but there may come a time when a person may physically mistreat you, and you may not complain."

रमन ने उत्तर दिया, "यह सच है, महामहिम, लेकिन आपकी महानता और शक्ति भी स्थिति के साथ बदल सकती है."

इससे राजा गुस्सा हो गए. इसलिए रमन ने विनम्रतापूर्वक कहा, "मेरा इरादा आपका अनादर करना नहीं है, लेकिन एक समय ऐसा भी आ सकता है जब कोई आपके साथ शारीरिक दुर्व्यवहार करे और आप उसकी कोई शिकायत नहीं करें."



The King turned red with anger and ordered Raman to prove this to him.

"Or else I'll punish you!" he thundered. Raman requested for some time, and went away.

राजा गुस्से से लाल हो गये और उन्होंने रमन को अपनी बात को साबित करने का आदेश दिया.

"नहीं तो मैं तुम्हें कड़ी सज़ा दूँगा!" राजा गरजे. रमन ने कुछ समय मांगा और वो वहां से चला गया.



The King, however, soon forgot their argument.

Then one day, the King, who was with his Queen, sent for Raman on some official work. Raman walked in with a cute baby girl in his arms.

हालाँकि, राजा जल्द ही अपनी बात को भूल गए.

फिर एक दिन, राजा अपनी रानी के साथ बैठे थे. उन्होंने कुछ आधिकारिक काम के लिए रमन को बुलाया. रमन अपनी गोद में एक प्यारी सी बच्ची को लेकर अंदर लेकर आया.





The Queen immediately started cuddling the little girl and playing with her.

Even when the baby wet her dress, she just laughed, changed her clothes, and continued to fuss over her. The King, Raman and the maids all looked on, enjoying the scene.



रानी ने तुरंत छोटी बच्ची को गले लगाना शुरू कर दिया और वो उसके साथ खेलने लगीं.

यहां तक कि जब बच्ची ने रानी की पोशाक गीली कर दी, तब भी वो हंसती रहीं. उन्होंने अपने कपड़े बदले और फिर से बच्ची के साथ खेलने लगीं. राजा, रमन और दासियाँ सभी उस दृश्य का आनंद लेते रहे.



Soon, the King too wanted to play with the little girl. As soon as he took her in his arms, the little one, amused with the King's moustache, began tugging at it.

But the King did not mind one bit! When the baby drooled over the King's clothes, he simply wiped it off.

जल्द ही, राजा भी छोटी लड़की के साथ खेलने लगे. जैसे ही राजा ने बच्ची को अपनी बाहों में लिया, छोटी बच्ची, राजा की मूंछों को खींचने लगी.

लेकिन राजा को उससे रत्ती भर भी फ़र्क नहीं पड़ा! जब बच्चे की लार राजा के कपड़ों पर गिरी,

तो राजा ने उसे आसानी से पोंछ दिया.



After a while, the King suddenly remembered why he had called Raman and felt ashamed for having forgotten his duty because of a baby.

He gruffly asked Raman, "Whose child is this? Why have you brought her here?"



थोड़ी देर बाद, राजा को अचानक याद आया कि उन्होंने रमन को क्यों बुलाया था. एक छोटी बच्ची के कारण अपना काम भूलने पर उन्हें खुद पर शर्मिंदगी महसूस हुई.

उन्होंने व्यथित होकर रमन से पूछा, "यह किसकी बच्ची है? और तुम इसे यहाँ क्यों लाए हो?"



"She's my neighbours child," Raman replied, "and I brought her here to prove my point."

The surprised King asked, "What point can you prove with this cute child?"



"वो मेरे पड़ोसी की बच्ची है," रमन ने उत्तर दिया, "और मैं अपनी बात को साबित करने के लिए उसे यहां लाया हूं."

आश्चर्यचकित राजा ने पूछा, "तुम इस प्यारी बच्ची से आखिर क्या साबित करना चाहते हो?"




"That you are not as powerful as you claimed to be," answered Tenali Raman. "The baby just dirtied the Queen's clothes, your clothes, and pulled your moustache. Yet you did not punish her."



"आप उतने शक्तिशाली नहीं हैं जितना आप दावा करते हैं," तेनाली रमन ने उत्तर दिया. "बच्ची ने रानी और आपके कपड़े गंदे किये और आपकी मूंछें खींची फिर भी आपने उसे कोई सज़ा नहीं दी."





He saw the King's embarrassment and continued, "You even neglected your duty as a King because of the baby. Do you see how power changes with situations?"

रमन ने राजा की शर्मिंदगी देखी और अपनी बात जारी रखी, "आपने बच्ची के कारण एक राजा के रूप में अपने कर्तव्य की भी उपेक्षा की. क्या आप ने नहीं देखा कि परिस्थितियों के साथ सत्ता कैसे बदलती है?"

King Krishnadevaraya agreed with Raman and thanked him for reminding him that there was somebody else more powerful than all - God.

राजा कृष्णदेवराय, रमन से सहमत हुए और उसे यह याद दिलाने के लिए धन्यवाद दिया कि दुनिया में एक भगवान है जो सभी से अधिक शक्तिशाली है.

अंत

